तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 24 जुलाई 2025

14 धरती माता के श्रृंगार के लिए करें पौधारोपण और ....



14 पर्यटन से स्थानीय लोगों को मुहैया होंगे रोजगार...





## खबर संक्षेप



### वैज्ञानिकों ने बियासी यंत्र का किया प्रदर्शन

**कांकेर।** अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में पशु शक्ति चालित बियासी यंत्र हल पर प्रशिक्षण सह प्रदर्शन मरकाटोला में आयोजित किया। वैज्ञानिक डॉ. व्हीएम विक्टर ने बताया कि धान की छिड़काव पद्धति से खेती में धान की लगभग 14-15 सेमी ऊंचाई होने पर देशी हल द्वारा खरपतवार की निंदाई की जाती है। इस समस्या को दूर करने के लिए बियासी यंत्र का उपयोग करना बताया गया। वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र हरिदास तायडे ने बताया कि बियासी यंत्र का उपयोग करने से परंपरागत विधि की तुलना में पौधों को कम हानि पहुंचती है एवं इस यंत्र से बियासी करने से जड़ों व पौधों का विकास अच्छा होता है। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ. आशीष श्रीवास्तव, डॉ. अखिलेश चंद्राकरण, ग्राम के सरपंच एवं कृषकगण सम्मिलित हुए।

### अपराध : चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद, पुलिस कर रही खोजबीन

# कोमलदेव अस्पताल से मरीजों के परिजन की बाइक चोरी, ठेकेदार की लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- ठेकेदार की लापरवाही पर कार्रवाई की मांग
- जिला अस्पताल में स्कार्फ पर लगना चाहिए प्रतिबंध





कोमलदेव अस्पताल वर्तमान में मेडिकल काँलेज बन गया है और भीड़ बढ़ने लगी है। अस्पताल परिसर में मरीज के परिजन दो पहिया वाहनों से आते है, उसकी निगरानी के लिए पार्किंग का ठेकदार नियुक्त किया गया है। ठेकेदार की लापरवाही के कारण यह घटना हो गई। ठेकेदार को निगरानी करना चाहिए, परंतु उसकी लापरवाही के कारण यह घटना हो गई। वाहन के चोरी की जिम्मेदारी ठेकेदार पर भी तय होना चाहिए।

थाना में शिकायत करने पहुंचे नरहरपुर थानांतर्गत गट्टागुड़ूम निवासी 30 वर्षीय मनोज कुमार मरकाम पिता गणेश राम मरकाम ने पुलिस को बताया कि मेरी सास भागबती नेताम का तबियत खराब होने से जिला अस्पताल कांकेर मे भर्ती कराया था, जिनका पिछले सात सप्ताह से ईलाज चल रहा है। अस्पताल में भर्ती मरीज को देखने के लिए मै 18 जुलाई को अपनी मोटर सायकल क्रमाक सीजी 19 बीई 7423 से आया और सुबह करीबन 9 बजे मोटर सायकल को अस्पताल के पार्किग में खड़ा करके अपने सास को देखने के लिए अस्पताल के अंदर चला गया। अपनी सास को देखने के उपरांत करीबन दोपहर को डेढ़ बजे अस्पताल से घर जाने के लिए बाहर वाहन पार्किग में आकर देखा तो मेरा मोटर सायकल नही था। मैने आसपास काफी खोजबीन किया, लेकिन नही मिला। पार्किंग ठेकेदार के द्वारा जानकारी चाही गई, परंतु कोई सहयोगा नहीं मिला। मैं अंततः परेशान होकर कांकेर थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ शिकायत किया और उसी के आधार परा कांकेर पुलिस ने अज्ञात ▶▶| शेष पेज 14 पर

#### पहली घटना नहीं, इसके पहले भी हो चुकी है चोरी

जिला अस्पताल में मोटर सायकल चोरी की यह पहली घटना नहीं है, इसके पहले भी चोरी हो चुकी है। पार्किंग ठेकेदार पर जब तक कड़ी कार्यवाही नहीं की जाएगी, तब तक यही हाल बना रहेगा। इसके लिए मेडिकल काँलेज को गंभीरता से लेकर इस समस्या के निदान के लिए सामने आना चाहिए। मेडिकल काँलेज ने गंभीरता नहीं दिखाई तो मरीजों एवं उनके परिजनों का परेशान होनी की घटनाएं होती रहेंगी।

#### सीसीटीवी कैमरे में चोर हुआ कैद

अस्पताल प्रबंधन ने अस्पताल में आने वालों पर नजर रखने के लिए सभी जगह सीसीटीवी कैमरा लगाकर रखे है और चोर पूरी तरह से अपने चेहरे को स्कार्प से बांधकर रखा है। चोर कैद हो गया है, उसके शरीर की बनावट एवं कद काठी के अनुसार उसकी फोटो को कई थानों में भेजी गई है और उसकी पहचान किया जा रहा है। इस चोर का पकड़ाना तय है, भले समय लग जाएं।

#### स्कार्फ पर प्रतिबंध जरूरी

जानकारों का कहना है कि जिला अस्पताल में गेट के पास गार्ड को खड़ा करना चाहिए और स्कार्प बांधकर अंदर आने वालों को हिदायत देना चाहिए कि स्कार्प खोलकर अंदर प्रवेश करें। ऐसा नहीं करने पर ऐसे लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की जरूरत है। चोरी एवं अन्य घटनाओं को कोमलदेव अस्पताल में रोकने के लिए यह निर्णय लेना बहुत जरूरी है।

#### ठेकेदार को नोटिस देना जरूरी

जानकारों का कहना है कि ठेकेदार को नोटिस देना जरूरी है, नोटिस नहीं दिया जाएगा तो ठेकेदार भी अपनी जिम्मेदारी सही ढंग से नही निभाएगा। जिला अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजन का कहना है कि हम लोगों की मोटर सायकल चोरी हुई है, उसकी जिम्मेदारी ठेकेदार को लेना चाहिए, परंतु ऐसा नहीं होने से ही परेशानी निर्मित हो रही है। प्रबंधन को ठेकेदार को नोटिस देना चाहिए और सकारात्मक जवाब नहीं मिलने पर कार्यवाही होना चाहिए।

## खेत में जुआ, साढ़े 14 हजार जब्त, 4 को पुलिस ने दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

गोण्डाहुर पुलिस ने पीव्ही 127 व पीव्ही 19 के बीच खेत की ओर जुआ खेलने वाले चार जुआरियों को पकड़ा और उनके कब्जे से नगद साढ़े 14 हजार रूपएं जप्त कर जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस को मुखबीर से जानकारी मिला कि पीव्ही 127 एवं पीव्ही 19 के बीच खेत लाड़ी मे कुछ व्यक्ति तास के 52 पत्ते से रूपएं पैसो का दाव लगाकर हार जीत का जुआ खेल रहे है। मिली जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत 22 जुलाई को शाम साढ़े 6 बजें उक्त स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही किया गया। मौके से आरोपी पीव्ही 127 अनुपपुर निवासी 32 वर्षीय मनोज मण्डल पिता मृत्युजंय मण्डल, पीव्ही 19 बैकुण्ठपुर निवासी 30 वर्षीरू अजय मण्डल पिता जागो मण्डल, पीव्ही 20 बैकुण्ठपुर निवासी 39 वर्षीय प्रदीप ओझा पिता जगदीश ओझा, पीव्ही 20 बैकुण्ठपुर निवासी 29 वर्षीय भावसिन्धु मण्डल पिता रंजीत मण्डल को पकड़ा गया। कार्यवाई के दौरान पुलिस को आता देख कुछ व्यक्ति भागने में कामयाब हुए। आरोपियों के कब्जे से तास पत्ती एवं फड़ से 10 हजार 100 रूपएं व उनके पास रखे 4 हजार 400 रूपएं कुल 14 हजार 500 रूपएं, एक प्लास्टिक की बोरी को जप्त किया गया। जुआरियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## सिविल अस्पताल में अगस्त तक डॉक्टरों एवं नर्सों की तैनाती का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



- सीएमएचओ ने टीम के साथ पंखाजूर सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आरसी ठाकुर ने एक उच्चस्तरीय टीम के साथ पखांजूर सिविल अस्पताल का 23 जुलाई को दौरा किया। दौरे का उद्देश्य अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति का जायजा लेना और वहां व्याप्त समस्याओं का समाधान करना था। सीएमएचओ ने दौरे के दौरान मरीजों को आश्वासन दिया है और कहा की अस्पताल की बदहाल सेवाओं को जल्द ही सुधार दिया जाएगा। अस्पताल की साफ सफाई एवं देखरेख के लिए मौजदगी अधिकारी को ध्यान देने को कहा गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आरसी ठाकुर ने 23 जुलाई को पखांजूर सिविल अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगस्त महीने तक पखांजूर सिविल अस्पताल में 2 और डॉक्टर और 10 नर्सों की तैनाती कर दी जाएगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि अस्पताल से संबंधित अन्य सभी प्रशासनिक मुद्दों का भी जल्द ही समाधान किया जाएगा, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें और साथ ही स्टाफ नर्सों को बेहतर उपचार के लिए गाइडलाइंस दिया गया है। अस्पताल की वर्तमान चुनौतीपूर्ण स्थिति वर्तमान में पखांजूर सिविल अस्पताल डॉक्टरों और नर्सों की भारी कमी से जूझ रहा है, जिससे मरीजों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में केवल 3 डॉक्टर कार्यरत हैं, जबकि स्त्री रोग, बाल रोग, हड्डी रोग, त्वचा रोग और नेत्र रोग जैसे कई महत्वपूर्ण विभागों के लिए कोई विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध नहीं है। नर्सिंग सेवाओं की स्थिति भी चिंताजनक है। अस्पताल में कुल 24 स्वीकृत नर्सिंग पदों में से केवल 10 पर ही नर्से कार्यरत हैं। इस कमी के कारण मरीजों को उचित और समय पर इलाज मिलने में बाधा आ रही है। सीएमएचओ की टीम के इस दौरे से पखांजूर सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की एक नई उम्मीद जगी है। डॉक्टरों और नर्सों ▶▶| शेष पेज 14 पर

#### सीएमएचओ ने दिलाया भरोसा

सीएमएचओ ने भरोसा दिलाया है कि अस्पताल में डॉक्टरों और नर्सों की कमी को जल्द से जल्द दूर किया जाएगा और साथ ही अस्पताल के अन्य प्रशासनिक मुद्दों का भी निवारण किया जाएगा, जिसका सीधा लाभ मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के रूप में मिलेगा।

#### दौरे टीम में यह रहे शामिल

दौरे में सीएमएचओ आरसी ठाकुर के साथ जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. ओपी संखवार, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. सुनील सोनी, डीपीएम रोहित वर्मा, जिला नियंत्रण अधिकारी डॉ. केके धुर्व और जिला सलाहकार डॉ. योगेश प्रजापति शामिल रहे।

## दो स्कूटी की भिड़ंत में दो घायल, रिपोर्ट दर्ज



**कांकेर।** जिला न्यायालय कांकेर परिसर में कैंटीन को बंद करके स्कूटी में सवार होकर भाई बहन अपने घर की ओर जा रहें थे, तभी रास्ते में घड़ी चौक कांकेर के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार अन्य स्कूटी के चालक ने अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे दोनो भाई बहन जमीन पर गिर गए। शिकायत पर आरापी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे अटल आवास उदय नगर कांकेर निवासी 23 वर्षीय वरूण यादव पिता कमलचंद यादव ने पुलिस को बताया कि जिला न्यायालय कांकेर परिसर में कैंटिन चलाने का काम करता हूं और 22 जुलाई को जिला न्यायालय स्थित कैंटीन को बंद करने के बाद बहन रेणुका यादव के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीपी 2276 से घर अटल आवास उदय नगर कांकेर जा रहे थे। स्कूटी को मेरी बहन रेणुका यादव चला रही थी और मैं पीछे बैठा था। शाम लगभग 6 बजे घड़ी चौंक के पास पहुंचे थे कि मेन रोड में चारामा की ओर से आ रही आरोपी स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीव्ही 1659 के चालक द्वारा अपने स्कूटी को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे हम लोग स्कूटी गाड़ी सहित रोड में गिर गए। एक्सीडेंट से मेरी बहन रेणुका यादव के दाहिने हाथ, सिर एवं कमर में चोंटें आई है, वहीं मुझे चोट नहीं आई है। आरोपी वाहन चालक बेवजह की बात भी करने लगा था और धमका रहा था।

## कांकेर में आदिवासी विश्वविद्यालय खोलने की दिशा में सार्थक पहल, सीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- प्रतिभावान छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे

बस्तर संभाग के प्रवेश द्वार में आदिवासी विश्वविद्यालय की मांग की दिशा में अब गति आने लगी है, जिस बाबत अब पत्र व्यवहार प्रारम्भ हो गया है। भौगोलिक दृष्टिकोण से जिला मुख्यालय से शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर और पं. रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर की दूरी अंचल के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा से वंचित कर रही है। इसे महसूस करते हुए पूर्व पंचायत सदस्य और जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष सियो पोटाई ने छत्तीसगढ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जब 7 अप्रैल 2025 को चैतरई पर्व के अवसर पर गोड़वाना भवन आगमन हुआ था। तब उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपकर उत्तर बस्तर में आदिवासी विश्वविद्यालय प्रारम्भ किए जाने का अनुरोध किया था। जिस पर

मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग संचालनालय को इस दिशा आवश्यक कार्यवाही के लिए पत्र लिखा था। पत्र मिलने पर आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलसचिव को पत्र लिखकर नवीन आदिवासी विश्वविद्याल के स्थापना की मांग का परीक्षण, नवीन विश्वविद्यालय की आवश्यकता एवं वर्तमान व्यवस्था के तहत छात्र-छात्राओं को हो रही कठिनाइयों का परीक्षण करते हुए अभिमत सुनिश्चित करने को कहा है। कांकेर में आदिवासी विश्वविद्यालय खोलने की दिशा में यह प्रथम प्रयास है। ध्यातव्य हो कि आदिवासियों के महापर्व चैतरई के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कांकेर आगमन पर जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष सियो पोटाई ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराया था कि कांकेर प्राचीन समय से ही शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केन्द्र रहा है। यहां के अनेक छात्र-छात्राओं ने उच्च शिक्षा प्राप्त कर शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक, एवं प्रशासनिक क्षेत्र सहित देश विदेश में नाम कमाया है। प्रशासनिक क्षेत्र में यहां अध्यनरत रहे छात्र-छात्राओं के नाम बडे ही सम्मान के साथ लिया जाता है तब और अब की स्थिति में काफी परिवर्तन आ चुका है। अब तो शिक्षा का विस्तार सुदूर अंचलों तक हो चुका है। वर्तमान में उत्तर बस्तर में एक भी विश्वविद्यालय नहीं होने से स्थानीय छात्र -छात्राओं को उच्च शिक्षा जैसे एमफील., पीएचडी, रिसर्च एवं अन्य रिफरेशर कोर्स करने के लिए यहां से 150 किमी दूर रायपुर, 165 किमी जगदलपुर या 300 किमी दूर बिलासपुर जाना पड़ता है। अधिक दूरी होने कारण यहां के मध्यम वर्ग एवं गरीब छात्र पैसे के अभाव में नहीं जा पाते । जिसके कारण यहा के प्रतिभावान छात्र-छात्राए को उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे है। कांकेर में एक आदिवासी विश्वविद्यालय खोला जाए, जिसमें साइंस, कामर्स, आटर्स , लॉ, ▶▶| शेष पेज 14 पर

## जनपद सदस्यों को त्रिदिवसीय मिला प्रशिक्षण



**कांकेर।** विकासखंड कांकेर, भानुप्रतापपुर, चारामा एवं नरहरपुर के जनपद पंचायत सदस्यों की 03 दिवसीय आधारभूत अभिमुखीकरण प्रशिक्षण दिया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर पंकज कुमार सिन्हा, संकाय सदस्य कमलेश कुमार साहू एवं वरिष्ठ आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी राजेन्द्र राठौर के द्वारा 73 वाँ संविधान संशोधन, जनपद पंचायत सदस्यों के कर्तव्य एवं अधिकार तथा कामकाज संचालन प्रक्रिया, पेसा कानून एवं त्रिस्तरीय पंचायती राज सहित सभी विभागीय योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। पंचायती राज व्यवस्था एवं ग्रामीण विकास के सशक्तिकरण में जनपद पंचायत सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## शराब दुकान के सुपरवाइजर को दी धमकी, दुकान में भी किया उपद्रव



**कांकेर।** अंग्रेजी शराब दुकान में शराब लेने पहुंचे कुद उपद्रवियों ने सुपरवाईजर के साथ विवाद कर उसे धमकी दिया और नशे में काफ उपद्रव किया। घटना की शिकायत थाना में किया गया है। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे वार्ड क्रमांक 9 बस्ती माना कैम्प रायपुर हाल निवासी बसंत नगर भानुप्रतापपुर 35 वर्षीय सुप्रभात बर्मन पिता परेश चन्द्र बर्मन ने पुलिस को बताया कि अंग्रेजी शराब दुकान में सुपरवाईजर के पद पर पदस्थ हूं 22 जुलाई को रात करीबन 8 बजें आरोपी आकाश विश्वास व उनके एक और साथी नशे के हालात मे शराब दुकान में शराब खरीदने आए और जबरदस्ती गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। आरोपी आकाश व उसके साथी के द्वारा शराब दुकान में काम कर रहे कर्मचारी व उनके परिवार के घर को जला देने व उनको देख लेने की धमकी दिया है। आकाश विश्वास व उसके साथी के द्वारा शराब दुकान में नशे की हालत में काफी उपद्रव किया गया। शिकायत ▶▶| शेष पेज 14 पर

### संकेतकों के माध्यम से सड़कें बोलती है, विद्यार्थियों को समझाया

# सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता के लिए स्कूल में लगाई पाठशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- सुरक्षा के लिहाज से हेलमेट पहने और सीट बेल्ट बांधे





यातायात पुलिस ने छात्रों एवं शिक्षकों को भानुप्रतापपुर के स्कूल में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता के लिए पाठशाला लगाई। छात्रों एवं शिक्षकों को जागरूक करते हुए बताया गया कि पाठशाला में बताए गए तथ्यों को अपने आसपास के लोगों को जरूर बताएं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के निर्देशन, एएसपी भानुप्रतापपुर आकाश श्रीश्रीमाल, एएसपी कांकेर दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में भानुप्रतापपुर के सेंट जोशेफ स्कूल में यातायात प्रभारी दीपक सॉव के द्वारा यातायात की पाठशाला आयोजित किया गया। पाठशाला में यातायात नियमों की जानकारी दिया गया। छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित समस्त पहलुओं से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को सड़क किनारे लगे संकेतको के माध्यम से सड़के कैसे बोलती हैं, सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का अनिवार्य पालन करने, निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज गाड़ी नहीं चलाने, हमेशा हेलमेट और सीटबेल्ट लगाकर ही दोपहिया एवं चार पहिया वाहन चलाने, यातायात नियमों का पूर्णत पालन कर दुर्घटना से बचने के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया। छात्रों एवं शिक्षकों से यातायात प्रभारी ने कहा कि हमारे द्वारा दी गई जानकारी केवल आपके लिए नहीं है, यह पूरे समाज के लिए है। आप लोग जहाँ पर रहते है, वहाँ पर इसकी जानकारी जरूर दे, जिससे आपके नगर का हर नागरिक जागरूक हो सके। छात्रों ने संकल्प लिया कि आज यातायात की पाठशाला में जो जानकारी मिली है, उसको कम से कम एक व्यक्ति को जरूर जानकारी देंगे। हमारा प्रयास यही होगा कि यातायात के नियमों का पालन भानुप्रातपपुर का प्रत्येक नागरिक करें और अपने साथ-साथ अपने परिवार के जीवन को बचाएं। भानुप्रतापपुर शेर बहादुर सिंह ठाकुर और भानुप्रतापपुर थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख एवं पुलिस विभाग के समस्त एवं विद्यालय प्रबंधन के सहयोग के चलते पाठशाला आयोजित हो सकी।

## शिक्षकों के संलग्नीकरण पर शिक्षक फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



सहायक शिक्षक फेडरेशन इकाई पखांजुर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजूर के माध्यम से कलेक्टर के नाम शिक्षकों के संलग्नीकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा है। सहायक शिक्षक फेडरेशन ने शासन और शिक्षा विभाग के आदेशों के बावजूद कई शिक्षकों के संलग्नीकरण को लेकर चिंता जताई है। फेडरेशन के अध्यक्ष राजकुमार साक्षी ने बताया कि कई शिक्षक अभी भी अपने मूल शाला में नहीं जा रहे हैं, जिससे बच्चों को परेशानी हो रही है और युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। ज्ञापन में सभी संलग्न शिक्षकों को उनके मूल शाला में भेजा जाए, कार्मिक सम्पदा के अंतर्गत शिक्षक संवर्ग द्वारा आधार कार्ड के माध्यम से कर्मचारी अपना डेटा सुधार कर डीडीओ भेजा गया है, जिन्हें खण्ड शिक्षा कार्यालय द्वारा पुष्टि किया जाए, द्वितीय सेवा पुस्तिका सत्यापन व संधारण कर संबंधित शिक्षक कर्मचारी को संकुल स्तर पर प्रदान किया जाए की मांग किया गया है। फेडरेशन ने कलेक्टर से मांग की है कि वे इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करें और शिक्षकों को उनके मूल शाला में भेजने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। ज्ञापन सौंपने के दौरान महेश सर्फे, धर्मेन्द्र, रेणु कुमार चौधरी, शिवाजी प्रसाद पाण्डेय, ▶▶| शेष पेज 14 पर

## खबर संक्षेप



### उप्राशा डोंगरीगुड़ा बिंजोली में बाल संसद का गठन

**कोण्डागांव।** उच्च प्राथमिक शाला डोंगरीगुड़ा बिंजोली, संकुल बिजौली, विकासखंड माकड़ी, जिला कोंडागांव में बाल संसद का गठन बड़े ही उत्साह व लोकतांत्रिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और पूरी गंभीरता के साथ मतदान प्रक्रिया को अपनाया। बाल संसद के चुनाव में विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ नामांकन भरा और अपने विचारों व योग्यताओं का परिचय दिया। संतोष पोर्ते, कुंजन ठाकुर और दुरगसाय कोला जैसे शिक्षकों की निगरानी में मतदान प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष व शांतिपूर्ण रही। इस बार शालानायक पद के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली, जिसमें आकाश ने कु. पद्मावती को मात्र एक वोट से हराकर विजय हासिल की। यह चुनाव विद्यार्थियों के बीच लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा की मिसाल बन गया। चुनाव परिणाम आने के बाद सभी नवनिर्वाचित बाल नेताओं ने विद्यालय के समक्ष अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की शपथ ली। इस अवसर पर विद्यालय में नेतृत्व, उत्तरदायित्व और लोकतांत्रिक मूल्यों की भावना को बल मिला। प्रधान पाठक भोलानाथ सूर्यवंशी एवं समस्त विद्यालय परिवार ने विजयी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर शिक्षक वेद प्रकाश कवर, रविंद्र करचाम, संदीप तिर्की, सुदामा नाग, ग्राम सरपंच चंदूलाल बघेल, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रंजीत बघेल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आजाद और तिलक की जयंती पर कांग्रेस भवन में देशभक्ति का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंडागांव

कांग्रेस भवन में आज अमर शहीद वीर चंद्रशेखर आजाद और स्वतंत्रता संग्राम के पुरोधा लोकमान्य पंडित बाल गंगाधर तिलक की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों महान स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर की गई।

इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम, तरुण गोलछा, शकूर खान, रितेश पटेल, नरेंद्र देवांगन महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस व वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और अनेक गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम ने आजाद और तिलक के जीवन, विचारों और देश की आज़ादी में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका बलिदान और संघर्ष आज भी प्रेरणास्रोत हैं।

## वीरता, विचार और बलिदान को किया गया नमन, युवाओं ने गीतों से दी श्रद्धांजलि



### आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद की वीरता और तिलक की ओजस्वी पत्रकारिता व स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है जैसे नारे आज भी युवाओं को देशभक्ति के पथ पर अग्रसर करते हैं। इस मौके पर युवा कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए और उनके जीवन से संबंधित संस्मरण साझा किए। अंत में सभी ने एक स्वर में उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस युवा इकाई द्वारा किया गया और अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

### ये रहे शामिल

इस दौरान जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व जिलाध्यक्ष झूमकलाल दीवान, महामंत्री रितेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष तरुण गोलछा, प्रदेश सचिव सकुर खान, कार्यकारी शहर अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, जिला सचिव उमर मेमन, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती हेमा देवांगन, नीलू देवांगन, लेखनी प्रधान, अंजू जोशी, जनपद सदस्य रामनाथ नाग, सनी चोपड़ा, रूपेश गोस्वामी, बुधराम मरकाम सहित कांग्रेस जन शामिल रहें।

## कांग्रेस भवन में हुआ नव-नियुक्त पदाधिकारियों का भव्य अभिनंदन

# संगठन के नए पदाधिकारी जनसेवा का माध्यम मानकर कार्य करेंगे, विपक्ष से निपटने मिला मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी की विस्तारित कार्यकारिणी जिसमें स्थायी एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों समेत कुल 177 पदाधिकारी शामिल हैं, का अभिनंदन समारोह 22 जुलाई को कांग्रेस भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का पारंपरिक रूप से सूतमाला पहनाकर, तिलक चंदन लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया। वरिष्ठ नेताओं द्वारा उन्हें शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं।

■ 177 पदाधिकारियों की जम्बो कार्यकारिणी का हुआ स्वागत



### ये रहे उपस्थिति

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व मंत्री व पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, पूर्व विधायक संत नेताम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री रवि घोष, झूमुक दीवान, धन्नू मरकाम, महंगू मरकाम, श्रीमती सुकबती मरकाम, वेदवती पोयाम, तबस्सुम बानो, राजेंद्र साहू, सकुर खान, सगीर अहमद कुरैशी, श्रीमती राज मरकाम सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशों का पालन करते हुए करेंगे कार्य

वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने नव पदाधिकारियों को भाजपा की दमनकारी नीतियों का मजबूती से विरोध करने की प्रेरणा दी। साथ ही केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशों का पालन करते हुए जनसमस्याओं को प्राथमिकता देने की बात कही गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्थानीय समस्याओं को जनता के हित में समय–समय पर उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। संगठन को जनसेवा का माध्यम बनाकर कार्य करने की सलाह दी गई।

# बीए मास कम्युनिकेशन में प्रवेश के लिए पहले पाओ के आधार पर प्रवेश शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में संचालित बीए मास कम्युनिकेशन यानी बीए एमसी प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025-26 में प्रवेश का सुनहरा अवसर उपलब्ध है। यह रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम विगत 17 वर्षों से सफलता के साथ संचालित किया जा रहा है और वर्तमान में 16 रिक्त सीटों पर पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर इच्छुक विद्यार्थियों को सीधे प्रवेश लेने का अवसर दिया जा रहा है।

इस पाठ्यक्रम में किसी भी विषय में 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रवेश ले सकते है। यह कोर्स बीए के समकक्ष है। इस कोर्स को करने के बाद विद्यार्थियों को स्नातक की डिग्री मिलेगी, जिसके बाद विद्यार्थी एमए, एलएलबी, एमएसडब्ल्यू, बीएड, बीपीएड, बीलिब, एमलिब, एमबीए जैसे उच्च शिक्षा कार्यक्रमों में प्रवेश ले सकते है और साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सीजीपीएससी, यूपीएससी, व्यापम, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग आदि में भी सम्मिलित हो सकते हैं। जिन छात्रों का नाम क्षेत्र के किसी कॉलेज की मेरिट सूची में नहीं आया है या जिन्हें किसी कारणवश अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं मिला है, वे भी इस कोर्स में सीधे प्रवेश लेकर स्नातक की पढ़ाई पूरी कर सकते हैं। जो विद्यार्थी बीए, बीकॉम, बीएससी जैसे अन्य स्नातक कोर्स में किसी ईयर में फैल हो गए हैं, वे भी इस कोर्स में रेगुलर छात्र के रूप में प्रवेश लेकर अपनी पढ़ाई फिर से शुरू कर सकते हैं। एसटी, एससी, ओबीसी एवं बीपीएल राशनकार्डधारी पात्र विद्यार्थियों को शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति मिलता है एवं प्रवेश शुल्क किश्तों में जमा करने की सुविधा है। नियमित रूप से विषय से संबंधित प्रैक्टिकल एवं शैक्षणिक भ्रमण कराया जाता है। अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधा एवं सभी वर्ग के छात्र के लिए भी छात्रवास की सुविधा। निःशुल्क पुस्तकालय सुविधा। वेबिनार, अतिथि व्याख्यान व कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन। खेल एवं शारीरिक विकास हेतु नियमित गतिविधियां आयोजन होता है।

# मक्का के अवैध भण्डारण व उड़द के परिवहन पर बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कृषि उपज मंडी समिति, कोण्डागांव क्षेत्र में मंडी समिति के सचिव सुरेश कुमार सिंह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में निरीक्षण दल ने वाहनों की सघन जांच के दौरान मक्का के अवैध भण्डारण और उडद के अवैध परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की है।

■ सचिव सुरेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सघन जांच 92 हजार से अधिक राशि वसूली गई

उड़द का अवैध परिवहन 23 जुलाई 2025 को ग्राम बफना में, मेघना नवरंगपुर निवासी पदम बिंदाड़ी को वाहन क्रमांक ओडी29 डी6133 में 60 बोरा उड़द का बगैर मंडी कागजात और दस्तावेज के परिवहन करते हुए पाया गया। इस पर मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के तहत जब्ती की कार्यवाही की गई।



मक्का का अवैध भण्डारण इसी प्रकार, ग्राम मुड़ाटिकरा मुलमूला में बुधराम देवांगन के गोदाम के औचक निरीक्षण के दौरान, बगैर मंडी पंजीयन के अवैध तरीके से भण्डारित की गई 834 बोरा कृषि उपज मक्का अनुमानित वजन 500 क्विंटल का जब्ती प्रकरण तैयार किया गया।

### वसूली और कुल प्रकरणों की जानकारी

मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(4) के तहत शासन द्वारा निर्धारित कुल मूल्य आधारित देय शुल्कों का पाँच गुना मंडी फीस, कृषक कल्याण शुल्क, निराश्रित शुल्क तथा अधिनियम की धारा 53 के तहत प्रशमन समझौता शुल्क ली गई। इन जब्ती प्रकरणों पर मंडी अधिनियम के नियमानुसार कार्यवाही करते हुए संबंधित व्यापारियों से कुल 92 हजार 738 रुपये की राशि वसूली गई। निरीक्षण दल में उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार देवांगन, हरिश्चंद्र बघेल, शंकर भोला मण्डावी, चंद्रकुमार देवांगन और विजेंद्र सिंह राजपूत शामिल रहे।

### अब तक कुल 9 प्रकरण पंजीबद्ध

कृषि उपज मंडी समिति के सचिव ने बताया कि सत्र 2025–26 में अब तक कुल 9 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। इन प्रकरणों में 3631 बोरा अनुमानित वजन 2172.20 क्विंटल कृषि उपज शामिल थी, जिसका कुल मूल्य 49 लाख 71 हजार 780 रुपये था। इन पर मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर कुल 3 लाख 47 हजार 852 रुपये की राशि वसूल कर प्रकरणों का निराकरण किया गया है।

# कांग्रेस का राज्यपाल के नाम ज्ञापन, भाजपा नेता के खिलाफ एसीबी जांच की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

खनिज निगम के अध्यक्ष पद दिलवाने के नाम पर 40 लाख रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आने के बाद कोंडागांव की राजनीतिक फिजा गरमा गई है। इस पूरे मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेता व कोंडागांव जिला भाजपा कोर ग्रुप के सदस्य संतोष कटारिया पर गंभीर आरोप लगे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव ने उक्त प्रकरण को लेकर केशकाल थाने में दर्ज प्राथमिक सूचना का हवाला देते हुए राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो से इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है।

■ खनिज निगम अध्यक्ष बनाने के नाम पर 40 लाख की हुई ठगी

भाजपा नेता की स्वीकारोक्ति से मचा सियासी भूचाल मच गया है। दर्ज प्राथमिक सूचना के अनुसार भाजपा नेता संतोष कटारिया ने स्वयं यह स्वीकार किया है कि उन्होंने 40 लाख रुपए नकद भुगतान किया था। यह स्वीकारोक्ति कांग्रेस के अनुसार कई सवालों को जन्म देती है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब यह स्पष्ट है कि नकद राशि का लेनदेन हुआ है, तो यह जानना बेहद जरूरी है कि इतनी भारी भरकम राशि कटारिया के पास कहां से आई। क्या यह अवैध वसूली से प्राप्त की गई थी। ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने इस बात पर भी जोर दिया है कि भाजपा नेता ने यह रकम दिल्ली और रायपुर में किन माध्यमों से दी, इसका पता लगाना बेहद जरूरी है। यह मामला हवाला कारोबार की संभावनाओं को भी जन्म दे रहा है। कांग्रेस ने इसे बेहद गंभीर आर्थिक अपराध मानते हुए कहा है कि इसका सीधा संबंध राजनीतिक प्रभाव और सत्ता के दुरुपयोग से भी हो सकता है। जिला कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया है कि इस पूरे मामले में जो भी व्यक्ति या समूह शामिल हो, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और विस्तृत जांच एसीबी के माध्यम से करवाई जाए, ताकि सत्य सामने आ सके और जनता को यह संदेश जाए कि कानून से ऊपर कोई नहीं।



### कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

*कांग्रेस नेताओं राज्यपाल के नाम पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेसियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस मामले में जल्द जांच नहीं की गई और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार चाहे किसी भी दल में हो, उसके खिलाफ कांग्रेस हमेशा आवाज उठाती रहेगी। इस मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व जिलाध्यक्ष झूमूकलाल दीवान, जिला महामंत्री रितेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष तरुण गोलछा, प्रदेश सचिव सकुर खान, कार्यकारी शहर अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, जिला सचिव उमर मेमन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती हेमा देवांगन, नीलू देवांगन, लेखनी प्रधान, अंजू जोशी, जनपद सदस्य रामनाथ नाग, सनी चोपड़ा, रूपेश गोस्वामी, बुधराम मरकाम समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।*

# वृक्षारोपण महाअभियान में 3604 पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

भारत सरकार के निर्देशानुसार और छत्तीसगढ़ शासन के मार्गदर्शन में कोयलीबेड़ा विकासखंड अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्य कराया गया। इस अभियान में 3604 पौधों का रोपण किया गया। ग्राम पंचायत घोड़ागांव में खंड स्तरीय वृक्षारोपण महा अभियान का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में आश्रम, आंगनबाड़ी, स्कूल, प्रधानमंत्री आवास और घोटूल परिसर में 193 पौधों का रोपण किया गया। साथ ही, महतारी वंदन योजना के 9 हितग्राहियों को पौधा वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला और पौधों की देखभाल अपने




बच्चों की तरह करने के लिए वक्तव्य दिया। एसडीएम पखांजुर ने नारा दिया कि एक पेड़ मां के नाम, हर पेड़ मां के समान। वृहद वृक्षारोपण महाअभियान और खंड स्तरीय वृक्षारोपण महा अभियान के आयोजन से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। पौधों की देखभाल और नियमित निगरानी से पौधे स्वस्थ और हरे-भरे रहेंगे और पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# दो बालिकाओं ने पीएटी परीक्षा में हासिल की सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले के फरसगांव विकासखंड के शंकरपुर गांव की किसान परिवार से आने वाली दो बालिकाओं, कुमारी भूमिका पात्र और कुमारी भूपेंद्री कश्यप, ने पीएटी प्री–एग्रीकल्चर टेस्ट की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। मंगलवार को कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना से दोनों सफल बालिकाओं ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान कलेक्टर ने उनकी सराहना करते हुए पीएटी परीक्षा में सफल होने पर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने यह भी कहा कि जिला प्रशासन की ओर से इन दोनों बालिकाओं को आगे की पढ़ाई के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर जनपद पंचायत फरसगांव के सीईओ रूपेन्द्र मरकाम भी उपस्थित थे। भूमिका और भूपेंद्री ने बताया कि वे दोनों किसान परिवार से हैं, और खेती किसानी ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है। उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखने और परीक्षा की तैयारी में शिक्षकों के साथ–साथ परिवारजनों के सहयोग को भी अपनी सफलता का श्रेय दिया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरपुर में कृषि संकाय से पढाई करने वाली इन दोनों बालिकाओं को विद्यालय में आधुनिक एवं जैविक खेती की तकनीकों को समझने में बहुत मदद मिली। प्राचार्य सोमनाथ मरकाम के मार्गदर्शन में शिक्षक लेखराम कुजूर द्वारा विद्यालय में विभिन्न फसलों की खेती कर आधुनिक एवं जैविक खेती की विधियों का प्रायोगिक प्रदर्शन किया जाता है, जिससे विद्यार्थी खेती कार्य को बेहतर ढंग से समझ सकें। शिक्षक श्री कुजूर ने बताया कि प्रायोगिक फार्म में उत्पादित ताजी हरी सब्जियों को संकुल अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में भेजा जाता है, जिससे वहाँ के बच्चों को मिड–डे–मील में पौष्टिक सब्जियाँ मिल पाती हैं।

■ जिला प्रशासन से पढ़ाई में सहयोग का मिला आश्वासन



## स्कूली बच्चों को पॉक्सो एक्ट और बाल अधिकारों की दी जानकारी

# मर्दापाल में साइबर क्राइम जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार और अवनी कुमार बिसवाल के मार्गदर्शन में, कोण्डागांव जिले में 21 जुलाई से 25 जुलाई तक साइबर क्राइम जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मर्दापाल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराधों और उनसे जुड़े खतरों के प्रति जागरूक करना था।



कार्यक्रम में बच्चों को केवल साइबर सुरक्षा ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, आत्मरक्षा, बाल संरक्षण, गुड टच–बैड टच, पॉक्सो एक्ट और बाल अधिकारों जैसे अत्यंत संवेदनशील और आवश्यक विषयों पर भी जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने सरल और प्रभावशाली तरीके से निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रकाश डाला। ऑनलाइन ठगी और सोशल मीडिया पर सतर्कता इंटरनेट का उपयोग करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और अनजान लिंक या व्यक्तियों से कैसे बचें। व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा अपनी निजी जानकारी को ऑनलाइन कैसे सुरक्षित रखें। आपत्तिजनक स्थिति में सहायता किसी भी आपत्तिजनक स्थिति में किससे और कैसे मदद लेनी चाहिए। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण पर उपयोगी सुझाव दिए गए। स्वच्छता, पोषण और आत्मरक्षा इन विषयों पर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, ताकि बच्चे तकनीकी रूप से सजग होने के साथ–साथ मानसिक और शारीरिक रूप से भी सशक्त बन सकें।

### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में पुलिस साइबर सेल से उप निरीक्षक दिनेश डहरिया, सहायक कांस्टेबल साइबर एक्सपर्ट मनीष बोस, टीआई रविशंकर ध्रुव थाना मर्दापाल, महिला एवं बाल विकास विभाग मिशन शक्ति से जिला मिशन समन्वयक रीना सिंह ठाकुर, जेंडर विशेषज्ञ माधुरी उसेण्डी और जेंडर विशेषज्ञ उमेश कुमार मरापी उपस्थित रहे।

# सहायता समूहों को काम दिलाने मोनिका ने पूर्व सीएम से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

महिला स्व सहायता समूह संगठन की प्रदेश अध्यक्ष मोनिका साहा ने प्रदेश पदाधिकारियों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की। महिला स्व सहायता समूहों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मोनिका साहा ने डॉ. सिंह से प्रमुख रूप से दो मांगें रखीं। उन्होंने आग्रह किया कि पहले रेडी-टू-ईट का काम कर चुके सभी महिला स्व सहायता समूहों को फिर से काम दिया जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने महिलाओं को अन्य सरकारी योजनाओं में भी अवसर प्रदान करने की मांग की, ताकि वे आर्थिक रूप से और सशक्त हो सकें। इस मुलाकात के बाद महिला स्व सहायता समूह संगठन की प्रदेश अध्यक्ष और उनकी टीम को उम्मीद है कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करेंगे और उन्हें पूरा करने का प्रयास करेंगे। उनका मानना है कि इन मांगों के पूरा होने से महिला स्व सहायता समूहों को काफी मजबूती मिलेगी और वे अपने कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित कर पाएंगी।



## पेज 11 के शेष

### कोमलदेव अस्पताल से...

चोर के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। जिला अस्पताल में पुलिस चौकी है, परंतु टीम जिस तरह से सक्रिय होना चाहिए, वैसी सक्रिय नहीं होने के कारण ही जिला अस्पताल में कोई भी पहुँचकर हंगामा करता रहते है।

### सिविल अस्पताल में...

की आगामी तैनाती से निस्संदेह मरीजों को काफी राहत मिलेगी और उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाएंगी।

### कांकेर में आदिवासी...

कृषि, आदि विषय के साथ-साथ इंजीनियरिंग, मेडिकल, बीएससी नर्सिंग, डी. फार्म, बी फार्म के विषय को भी शामिल किया जाए, जिससे यहां के आदिवासी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा हो सके। जब यह पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा गया था तब देश के ख्याति प्राप्त काष्ठशिल्पी पद्मश्री अजय मंडावी ने भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को कांकेर में विश्वविद्यालय की मांग को वर्तमान परिदृश्य में उचित बताते हुए इसका समर्थन किया था। अब इस अंचल के छात्र-छात्राओं और परिजनों में एक आशा की नई किरण दिखाई दे रही है।

### शराब दुकान के...

पर पुलिस ने आरोपी आकाश विश्वास व अन्य व्यक्ति के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### शिक्षकों के संलग्नीकरण...

धरमदास जोशी, लालमन पटेल, रीना तराम, कमल भूआर्य व कालाराम सोरी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता में अव्वल लाने विधायक ने किया आमजनों से संवाद



**जगदलपुर।** स्वच्छता जागरूकता अभियान के सातवें दिन आज प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने स्टेट बैंक चौक में पहुंचकर आम नागरिकों और व्यापारियों से सीधा संवाद किया। उनके साथ महापौर संजय पाण्डे, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य,ब्रांड एंबेसडर, पाषर्दगण मौजूद रहे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने व्यापारियों को गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग करने,कचरा निर्धारित स्थान पर ही फेंकने और प्लास्टिक उपयोग से बचने की अपील की। उन्होंने दुकानदारों को समझाते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों को स्वच्छता से संबंधित पाम्पलेट भी वितरित किए गए और डस्टबिन के सही उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। आमजन ने भी इस पहल की सराहना करते हुए नियमित रूप से सफाई बनाए रखने का संकल्प लिया।

### कौशल तिहार स्पर्धा 28-29 को

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण रायपुर के निर्देशानुसार केन्द्र शासन एवं राज्य शासन के योजनान्तर्गत विगत तीन वर्षों के प्रशिक्षित हितग्राही एवं प्रशिक्षणरत युवाओं के लिए कौशल तिहार के जिला स्तरीय कौशल प्रतियोजगिता का आयोजन 28 एवं 29 जुलाई को जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज में किया जा जाना है। इसका उद्देश्य कौशल प्रतियोगिता के माध्यम से कौशल प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवाओं को प्रोत्साहित करना, उनके कौशल के प्रदर्शन को बढ़ावा देना, युवाओं में कौशल के प्रति जागरूकता लाना एवं विजेताओं को इंडिया स्किल्स 2025 के क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है, जो संभवतः वर्ल्ड स्किल्स 2026 में देश का प्रतिनिधित्व करेंगें।

### मृत्यु के 2 प्रकरणों में 8 लाख की सहायता

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा प्रबंधन से पीड़ित परिवारों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

# 75 दिन चलने वाली ऐतिहासिक बस्तर दशहरा का आगाज आज

## हरेली अमावश्या पर दंतेश्वरी मंदिर प्रागंण में होगा पाटाजात्रा पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

75 दिवस तक चलने वाली विश्वप्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व का आगाज गुरूवार को पाटाजात्रा पूजा विधान के साथ होगा। परम्परानुसार दंतेश्वरी मंदिर परिसर में टूरलू खोटला की पूजा अर्चना कर बकरे की बलि व देशी शराब का अर्पण किया जाएगा।

बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में गुरुवार को हरेली अमावस्या के मौके पर पाट जात्रा पूजा विधान के साथ विश्वप्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व की शुरूआत होगी। इस दौरान पारम्परिक मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन, पुजारी, पटेल, नाईक-पाईक, सेवादार रथ निर्माण के लिए औजार बनाने ठुरलू खोटला रस्म अदा करेंगे। इस अवसर पर बस्तर दशहरा समिति द्वारा मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन, पुजारी, पटेल, नाईक-पाईक, सेवादारों सहित गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों को उपस्थित होकर पाट जात्रा पूजा विधान में शामिल होने का आग्रह किया गया है। पाट जात्रा पूजा विधान के साथ ही बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी को समर्पित इस 75 दिवसीय ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व की शुरूआत होगी।



फाइल फोटो

### दूसरी रस्म डेरी गड़ाई 5 सितम्बर को

विश्वप्रसिद्ध दशहरा पर्व के रस्मों की शुरूआत के बाद 5 सितम्बर को डेरी गड़ाई पूजा विधान, 21 सितम्बर को काछनगादी पूजा विधान, 22 सितम्बर को कलश स्थापना पूजा विधान, 23 सितम्बर को जोगी बिठाई पूजा विधान सहित 24 सितम्बर से 29 सितम्बर तक प्रतिदिन नवरात्रि पूजा एवं रथ परिक्रमा पूजा विधान के बाद 29 सितम्बर को सुबह 11 बजे बेल पूजा, 30 सितम्बर को महाअष्टमी पूजा विधान एवं निशा जात्रा पूजा विधान, 1 अक्टूबर को कुंवारी पूजा विधान, जोगी उठाई पूजा विधान एवं मावली परघाव, 2 अक्टूबर को भीतर रैनी पूजा विधान एवं रथ परिक्रमा पूजा विधान, 3 अक्टूबर को बाहर रैनी पूजा विधान एवं रथ परिक्रमा पूजा विधान, 4 अक्टूबर को सुबह काछन जात्रा पूजा विधान के पश्चात दोपहर में मुरिया दरबार का आयोजन होगा। वहीं रविवार 5 अक्टूबर को कुटुम्ब जात्रा पूजा विधान में ग्राम्य देवी-देवताओं की विदाई की जाएगी और मंगलवार 7 अक्टूबर को मावली माता की डोली की विदाई पूजा विधान के साथ ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व सम्पन्न होगी।

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारियों एवं शाखा प्रबंधकों की बैठक

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने निभाएं अहम भूमिका : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




कलेक्टर बस्तर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक हरिस एस ने कहा कि शासन की मंशानुरूप सहकार से समृद्धि ध्येय वाक्य को चरितार्थ करते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने हेतु कृषि और उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन इत्यादि कृषि के आनुशांगिक गतिविधियों के लिए ज्यादा से ज्यादा सहायता किसानों और ग्रामीणों को उपलब्ध करवाएं। इस दिशा में सम्बंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर किसानों और ग्रामीणों के ऋण प्रकरणों की स्वीकृति के साथ ही निर्धारित अवधि में ऋण वितरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर बस्तर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जगदलपुर हरिस ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के प्रधान कार्यालय में बुधवार को बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों के नोडल अधिकारी एवं शाखा प्रबंधकों की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर ऋण वसूली के लिए भी आवश्यक पहल किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सम्भावनाओं के मद्देनजर किसानों एवं ग्रामीणों की जरूरत के अनुरूप उन्हें ऋण सहायता की उपलब्धता पर ध्यान केंद्रित करें। साथ ही शासन की स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करें। बैठक में उपायुक्त सहकारी संस्थाएं डॉ. उषा धुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कुंवर सिंह धुरव, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसए रजा, मुख्य लेखापाल प्रदीप मजूमदार, मार्केटिंग ऑफिसर एसके कनौजिया सहित सभी जिलों के नोडल अधिकारी एवं शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

### खाद-बीज का भण्डारण की समीक्षा

उन्होंने खरीफ फसल सीजन 2025 के तहत ऋण वितरण, वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत ऋण की वसूली, पैक्स कम्प्यूटराईजेशन की प्रगति, समितियों में खाद-बीज का भण्डारण एवं वितरण, केसीसी में स्वीकृत ऋण, एग्री स्टेक पंजीयन, समितियों में शेष धान के स्टॉक एवं लेखा मिलान आदि की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण के तहत उद्यानिकी, मत्स्यपालन, गौपालन, कुक्कुटपालन, बकरीपालन इत्यादि प्रकरणों की समयावधि में परीक्षण कर पात्रता एवं अपात्रता का चिन्हांकन कर शीघ्र निराकरण करने, मांग के विरूद्ध वसूली में सभी कालातीत ऋणि व्यक्तियों से शत-प्रतिशत राशि की वसूली, खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कर मांग अनुरूप वितरण करने तथा पैक्स कम्प्यूटराईजेशन की पूरी प्रक्रिया पूर्ण करने निर्देशित किया गया।

## लीकेज पाइपलाइन सुधारने से पेयजल व्यवस्था में होगा सुधार : पाण्डेय



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर निगम के अंतर्गत जलप्रदाय विभाग के द्वारा पेयजल सप्लाई के लिए बिछाई गई मेन लाइन और सप्लाई लाइन से शहर में कई स्थानों पर बड़ी लीकेज विगत तीन वर्षों से थी। लीकेज पाइपलाइन को सुधारने का अब तक ठोस प्रयास नहीं होने से रोजाना लाखों लीटर पानी विगत कुछ सालों से व्यर्थ बह रहा था। महापौर संजय पाण्डे ने जलकार्य सभापति सुरेश गुप्ता और पीएचई अधिकारी के साथ वर्षो से व्यर्थ बह रहे पानी को रोकने की योजना बनाई। बरसात में ऐसे सभी लीकेज को सुधारने के क्रम में सर्किट हाउस के पास सुधार कार्य चल रहा है।

महापौर ने बताया कि शहर में पेयजल के लिए पूर्व में बिछे जल आवर्धन योजना की पाइपलाइन और उसके बाद अमृत योजना की पाइपलाइन का कार्य हुआ है। वर्तमान में जल आवर्धन योजना की पाइपलाइन से शहर के 17 ओवर हैट टैंक में फिल्टर किया हुआ पानी पहुंचाया जाता है जिससे शहर की पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। चूंकि यह लीकेज कई वर्षों से था और गर्मी में इसे बनाना संभव नहीं था इसलिए बरसात में इसे ठीक किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि शहर की जनता को कम से कम तकलीफों का सामना करना पड़े। हमने अतिरिक्त टैंकर की व्यवस्था कर रखी है। प्रभावित क्षेत्रों में लगातार टैंकरों से पेयजल प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, पार्षद हरीश पारख उपस्थित रहे। साथ ही निगम अधिकारी संजीव कर्ण के नेतृत्व में कर्मचारी और मजदूर कार्य पर लगे रहे।

## मुलाकात...



**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के नयापारा विधायक कार्यालय में बुधवार को रायपुर उत्तर विधायक पुरेन्द्र मिश्रा से उत्कल समाज के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट व मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा किया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष राजेश दास,सचिव सुमित महापात्र,उपाध्यक्ष मथुरा तिवारी, सांस्कृतिक सचिव मनीष श्रीवास्तव,कार्यालयीन सचिव अच्युत सामंत,मुख्य कार्यकारणी सदस्यगण , महिला विंग एवं युवा विंग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेसी नेता ने शिक्षा का किया राजनीतिक दुरुपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम



भोपालपटनम ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत वरदली में प्राथमिक शाला भवन की तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हो रही हैं, जिसमें बच्चों को बिना छत वाले भवन में पढ़ते हुए दिखाया गया है। इस मुद्दे पर भाजपा ने गंभीर आपत्ति जताई है। भारतीय जनता पार्टी के भोपालपटनम मंडल अध्यक्ष राकेश केतरप, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नीलम गणपत, वेंकटेश्वर यालम, सचिन आत्रम तथा अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज प्रेस के माध्यम से इस विषय में अपना पक्ष रखते हुए बयान जारी किया है।

भाजपा नेताओं का कहना है कि कांग्रेस पार्टी के नेता एवं तीन बार के जिला पंचायत सदस्य बसंत राव टाटी द्वारा इस मुद्दे को जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया गया है। दरअसल, जिस स्कूल भवन की तस्वीरें वायरल की गई हैं, वह 4 महीने पहले आंधी-तूफान में उस भवन में 5 रूम है जिसमें से 2 रूम क्षतिग्रस्त हो चुका हैं और वर्तमान में 3 रूम ठीक है उसी में अब कक्षाएं सुरक्षित संचालित हो रही है और सुसज्जित दूसरे रूम में की जा रही है, जहां सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। केतरप ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता बसंत राव टाटी बच्चों को जानबूझकर उस क्षतिग्रस्त रूम में कुछ समय के लिए बैठाकर फोटोशूट करवाया, ताकि भाजपा सरकार और प्रशासन की छवि को धूमिल किया जा सके।

इस कृत्य का उद्देश्य सिर्फ सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल करना और राजनीतिक रोटियां सेंकना है। भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश केतरप ने कहा कि बच्चों की शिक्षा जैसे संवेदनशील विषय पर राजनीति करना निंदनीय है। यह कार्य बच्चों और उनके अभिभावकों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जब स्वयं मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और स्थानीय ग्रामीणों तथा शिक्षकों से बातचीत की।

# अमुस तिहार: खेतों की रक्षा और स्वास्थ्य की परंपरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उप सरपंच एवं आदिवासी समाज युवा नेता पूरन सिंह कश्यप ने बताया कि वहीं अमुस तिहार खेतों में अच्छी फसल की कामना, देखरेख और संरक्षण हेतु अपने पूर्वजों तथा देवी-देवताओं को समर्पित पर्व है। यह पर्व वर्षा ऋतु के आगमन के साथ जुड़ा होता है। वर्षा ऋतु में समस्त जीव-जंतु और वनस्पतियाँ सक्रिय हो जाती हैं। पौधों में तेज़ अंकुरण की प्रक्रिया आरंभ होती है। ये पर्व न केवल कृषि संरक्षण बल्कि सामाजिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होते आ रहे हैं। अमुस तिहार के अवसर पर आदिवासी समुदाय जंगल से विभिन्न औषधीय पौधों को एकत्र करता है जैसे लगड़ा जोड़ी, रसना, भेलवा पत्ता, जंगल अदरक, हेदावरी, पाताल कांदा, शिरड़ी आदि। इन जड़ी-बूटियों को पीसकर उनका मिश्रण तैयार किया जाता है, जिसे जानवरों को खिलाया जाता है ताकि वे संक्रमण से सुरक्षित रह सकें। साथ ही रसना और भेलवा की डगालों को खेतों में गाड़ा जाता है, जिससे कीट प्रकोप से बचाव होता है। खेतों में फसल की सुरक्षा हेतु सेवा अर्जी कर कृषि औजारों जैसे नागर, हावड़ा, कुल्हाड़ी-कुचला आदि की भी पूजा की जाती है। ये सभी प्रक्रियाएँ पूर्वजों के कृषि ज्ञान पर आधारित हैं। इन सभी औषधियों को अपने कुल देवी-देवताओं के वास स्थल 'गुड़ी' में अर्पित किया जाता है। गुड़ी को सिंदूर, रंग-बिरंगे फूलों और सजावट से अलंकृत किया जाता है।

## सुविधा के लिए पाट रहे गड्ढे...



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के केशलूर से सुकमा जिले के तोंगपाल, छिंदगढ़, पाकेला तक सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हैं, लोगों को सुविधा के लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से गडढों को पाटा जा रहा है।

## विवि के डिप्टी लाईब्रेरियन को आउटस्टैंडिंग लर्नर का अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- आईआईटी खड़गपुर में एनपीटीईएल द्वारा हुआ सम्मान



शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में सेवारत उप ग्रंथपाल डॉ. संजय कुमार डोंगरे को उनके उत्कृष्ट प्रयासों और उपलब्धियों के लिए आउटस्टैंडिंग लर्नर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। आईआईटी खड़गपुर के रिसर्च पार्क में रविवार को आयोजित समारोह में एनपीटीईएल द्वारा उन्हें यह सम्मान दिया गया।

नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नोलॉजी एन्हांस्ड लर्निंग (एनपीटीईएल) भारत सरकार का एक वित्त पोषित प्रोग्राम है, जिसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) और भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य इंजीनियरिंग, विज्ञान,प्रौद्योगिकी, प्रबंधन और मानविकी विषयों के लिए ऑनलाइन वेब और वीडियो पाठ्यक्रम प्रदान करके शिक्षा को बढ़ावा देना है। एनपीटीईएल संबंधित विषयों में पाठ्यक्रमों का दुनिया का सबसे बड़ा ऑनलाइन संग्रह है। यह छात्रों और प्रोफेशनल को अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करने के लिए ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्रदान करता है। एनपीटीईएल के पाठ्यक्रम सभी के लिए निःशुल्क उपलब्ध हैं और सीखने में रुचि रखने वाला कोई भी व्यक्ति इन पाठ्यक्रमों को कर सकता है।

उप ग्रंथपाल एवं लाईब्रेरी एंड इंफोर्मेशन साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ डोंगरे की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं कुलसचिव डॉ राजेश लालवानी ने अपने संयुक्त शुभकामना संदेश में कहा कि डॉ डोंगरे की यह उपलब्धि हम सभी के लिए गर्व का विषय है। यह अवार्ड और उपलब्धि उनके लगन,परिश्रम और ज्ञानार्जन के प्रति समर्पण जैसे व्यक्तिगत प्रयासों का सम्मान है। यह सम्मान विश्वविद्यालय के शैक्षणिक स्तर और मार्गदर्शन की भी पुष्टि करता है। हम सब उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि वे इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करते रहें। डॉ. डोंगरे को इससे पूर्व एनपीटीईएल बिलीवर और एनपीटीईएल इंथुआस्ट के रूप में भी सम्मान मिल चुका है।

### नपं अध्यक्ष की पहल से मलेरिया रोधी दवा का हुआ छिड़काव

**गीदम।** नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना की पहल से नगर के विभिन्न वार्डो में मलेरिया रोधी दवा का छिड़काव किया गया।



गौरतलब है कि नगर में मलेरिया के प्रकोप से बचने नगर पंचायत अध्यक्ष ने सीएमओ को दवा छिड़काव कराने के निर्देश दिए थे जिसके बाद आज नगर पंचायत अमले द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर शहर के विभिन्न वार्डो में दवा का छिड़काव कराया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने बताया कि मलेरिया के प्रकोप को रोकने नगर के सभी घरों में दवा का छिड़काव कराया जा रहा है आप सभी नगरवासी अपने-अपने घरों में दवा का छिड़काव अवश्य करवाये और क्षेत्र को मलेरिया मुक्त बनाने में सहयोग करे । इसके साथ ही जहां रुका हुआ पानी है ऐसी जगहों पर भी दवा का छिड़काव विशेष रूप से कराया जा रहा है । इस मौके पर नपं अध्यक्ष रजनीश सुराना समेत सीएमओ श्रीमती हुलसी प्रधान, गीदम बीएमओ डॉ देवेंद्र प्रताप एव नगर पंचायत व स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## पूर्व सांसद के पुत्र व वनमंत्री के भतीजे की सड़क दुर्घटना में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर के पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप के पुत्र एवं छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार कश्यप के भतीजे निखिल कश्यप (22) का बुधवार तड़के रायपुर मंदिर हसौद के समीप सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। वे अपने एक दोस्त के साथ कही जा रहे थे कि उनकी बुलेट अचानक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में निखिल की मौके पर ही मौत हो गई और साथी गंभीर रूप से घायल है।



निखिल का शव सत्य साईं अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के बाद आज शाम गृहग्राम फरसागुड़ा लाया गया। शाम 5 बजे फरसागुड़ा मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें कश्यप परिवार समेत भाजपा व कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष समेत मंत्रिमंडल सदस्यगण, विधायक गण, महापौर, निगम एमआईसी सदस्यगण व बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में बस्तर के विभिन्न जगहों से लोग फरसागुड़ा के लिए रवाना हुए एवं शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

### चर्म रोग से जुड़ी समस्याओं के लिए हेल्थ कैंप 27 को

**दंतेवाड़ा।** चर्म रोग, सौन्दर्य एवं गुप्त रोग को लेकर दंतेवाड़ा में निःशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन होने जा रहा है। यह कैंप रविवार 27 जुलाई को हाई स्कूल रोड़ स्थित बालाजी मेडिकल में आयोजित होगा। चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ने बताया कि चर्म रोग, सौन्दर्य एवं गुप्त से संबंधित सभी प्रकार के ईलाज किए जाएंगे। हेल्थ कैंप के माध्यम से चेहरे का काला दाग एवं झाइयां, पिंपल्स,दाद, खाज, खुजली, मुख संबंधी समस्याएं , बालों का झडना, पकना रूसी एवं गंजापन, नाखुनों का सडना, सोरियासीस-एक्जीमा, बालटोड,स्केबीज़, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के त्वचा संबंधित समस्याएं, ऐलर्जी, एड़ियों का बार-बार फटना, चेहरे के मस्सों व तिल का ईलाज, हाथ और पैर के तलवे से पसीना आना, पलकों का काला दाग एवं पलकों में जमा केलेस्ट्राल , लिंग में घाव होना, लिंग के स्किन का फटना एवं सफ़ेद होना एवं अन्य चर्म रोग से जुड़ी सभी समस्याओं का निदान मुफ़्त में किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### शालाओं का प्रथम संयुक्त मिलन सम्मेलन का हुआ

**चारामा।** विकासखंड चारामा के ग्राम सिरसिदा में नव गठित शाला प्रबन्धन समिति व प्राथमिक एवं माध्यमिक संयुक्त शाला का प्रथम मिलन समारोह सम्मेलन का आयोजन शाला प्रांगण में किया गया। सम्मेलन में प्रबुद्ध लोगों के द्वारा स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता को पहले से और बेहतर बनाने की दिशा में जोर दिया गया। इस अवसर पर सरपंच कैलाश कोवाची, उपसरपंच दशरथ पोया, शिक्षाविद एवं तहसील पेंशनर संघ अध्यक्ष कन्हैया सिंह ठाकुर, यादों राम साहू, लेखराम साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, चित्र रेखा सेवता उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, वासुदेव साहू, प्रेम सिंग पोया, चंद्र कला बाई साहू, लता परिहार, रविबाई कोवाची, सरस्वती बाई सदस्य शाला प्रबंधन समिति एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाए एवं स्टाफ उपस्थित रहें।

### कारगिल विजय दिवस 26 को परिजनों का सम्मान

**कांकेर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के द्वारा कारगिल विजय दिवस एवं शहीद सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार 26 जुलाई को दोपहर 02 बजे से पीएमश्री नरहरदेव स्कूल में किया जाएगा। कारगिल युद्ध के दौरान मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि, शहीद परिवार का सम्मान समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्वल्पाहार का आयोजन किया जाएगा।

### जिले में अब तक 4656 मिमी वर्षा दर्ज की

**कांकेर।** जिले में 01 जून से अब तक कुल 4656.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा बांदे तहसील में 565.8 मिलीमीटर तथा सबसे कम कोयलीबेड़ा तहसील में 180.1 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार कांकेर तहसील में 272.9 मिलीमीटर, भानुप्रतापपुर तहसील में 497.6 मिलीमीटर, दुर्गूकोंदल में 611.2 मिलीमीटर, चारामा.में 428.3 मिमी., अंतागढ़ में 465.5, पखांजूर में 403.7, नरहरपुर में 390.4, सरोना में 310.4 मिलीमीटर और आमाबेड़ा में 530.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## निधन

### मीना जैन

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल निवासी मीना जैन का 22 जुलाई को निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम दुर्गुकोंदल के मुक्ति धाम में किया गया जिसमें ग्रामवासी व रिश्तेदार शामिल हुए।



## अभियान : एक पेड़ माँ के नाम पर लगाए पौधे और वृक्ष पीढ़ियों को देगा संदेश और छाया

# धरती माता के श्रृंगार के लिए करें पौधारोपण और पेड़ों की सुरक्षा करके पर्यावरण संरक्षण से मानव जीवन को संवारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- विधायक ने कहा- यह अभियान से हर वर्ग जुड़ रहा और हरियाली का दे रहा संदेश
- कलेक्टर ने कहा- हर पौधे में देवता का होता है वास, जानने की है जरूरत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संकल्प से निकला कांकेर का वृक्षारोपण महायज्ञ एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अब केवल योजना नहीं रहा यह यज्ञ बन गया है, यात्रा बन गया है। इस हरित महायज्ञ में जिलेभर में सभी विभागों और नागरिकों ने एक साथ आहुति डाली और समाज के साथ सरकार की यह संगति एक जनांदोलन में बदल गई।

विधायक आशाराम नेताम ने कोदगांव के आमापारा स्कूल में आयोजित एक पेड़ माँ के नाम के कार्यक्रम में कहा कि यह अभियान गांव की गलियों में और बच्चों की स्मृतियों में सदा के लिए दर्ज हो गया। यह केवल पत्तियों की सरसराहट नहीं, संस्कृति, संकल्प और समाज की सामूहिक साधना का स्वर है। यह अभियान नहीं, धरती मां की गोद में डाला गया श्रद्धा का बीज है, जो अब पीढ़ियों तक छाया देगा, संस्कार देगा और कहेगा कि 'मैंने एक पेड़ मां के नाम लगाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संकल्प से निकला वृक्षारोपण महायज्ञ एक पेड़ माँ के नाम 2.0, अब केवल योजना नहीं रहा, यह यज्ञ बन गया है, यात्रा बन गया है, याद बन गया है। इस हरित महायज्ञ में जिले के सभी विभाग, सभी जनपद पंचायत, पंचायत और लाखों नागरिकों ने एक साथ 23 जुलाई को आहुति डाली और समाज के साथ सरकार की यह संगति एक जनांदोलन में बदल गई। खेतों की मेड़ों से लेकर नगरों की गलियों तक, शासकीय कार्यालयों से लेकर विद्यालयों के आंगनों तक, हर जगह इस अभियान की गूंज सुनाई दे रही है।







### आमापारा में सुनाई दी जनमानस की गूंज

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि यही गूंज सुनने के लिए मैंने जिला मुख्यालय से विकासखंड कांकेर के कोदागांव की ओर रूख किया और कोदागांव के आमापारा विद्यालय के आंगन में पौधारोपण किया। इस यात्रा में मैं अकेला नही हूँ, इस यात्रा के साक्षी पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, राज्य समाज कल्याण बोर्ड एवं हस्त शिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ताराबती ठाकुर, जनपद पंचायत की अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, उपाध्यक्ष तारूणि ठाकुर, सरपंच भाजपा के जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल के अलावा कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी के अलावा जिले के सभी विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए।

### पौधा रोपण जीवन की सुखद अनुभूति

विधायक ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि मैं जब कोदागांव से लौट रहा था, तो मन में एक नई उमंग, एक नई आस्था का संचार हो रहा था। खेतों की मेड़ों पर लहराते पौधे, विद्यालयों के आंगनों में बच्चों की खिलखिलाहट और गांव की गलियों में बहती ताजी हवा सब मिलकर जैसे कह रहे थे कि यह अभियान केवल वृक्षारोपण नहीं, जीवनारोपण है। यह हरियाली केवल धरती का श्रृंगार नहीं, बल्कि हमारी चेतना का विस्तार है। कांकेर की यह हरित यात्रा अब किसी एक दिन, एक योजना या एक सरकारी प्रयास की सीमाओं में नहीं बंधी है। जब कोई बच्चा अपने पौधे को पानी देता है, जब कोई किसान अपनी मां की याद में पौधा रोपता है, जब कोई परिवार नवजात के साथ एक नया जीवन रोपता है, तब यह अभियान एक सजीव परंपरा बन जाता है। यह अभियान हमें याद दिलाता है कि वृक्षों की छांव में पलती संवेदनाएं, नदियों के तट पर बहती आस्थाएं और खेतों की मिट्टी से उपजती उम्मीदें, यही हमारी सभ्यता की जड़ें हैं। आज जब पूरी दुनिया पर्यावरण संकट के दौर से गुजर रही है, कांकेर जिला की यह हरित क्रांति एक प्रेरणा बनकर उभरी है। यह संदेश देती है कि जब शासन और समाज एक साथ चलें, जब आस्था और विज्ञान का संगम हो, तो असंभव भी संभव हो जाता है।

### वृक्ष देवता भी, द्वारपाल भी

कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर ने कहा कि वृक्ष हमारी भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। यह आस्था की छाया और सांसों के साधक हैं। अशोक वाटिका में देवी सीता की पीड़ा को वृक्षों की संवेदना से सहारा मिला था। महाभारत की कथा में अर्जुन वृक्षों की छाया में ज्ञान प्राप्त करते हैं। बुद्ध ने बोधि वृक्ष के नीचे आत्मज्ञान पाया और महावीर ने साल वृक्ष के नीचे मौन साधना किया। महर्षि अगस्त्य की कुटी बेल से घिरी थी। महाकालेश्वर भी बेलपत्र की ठंडी सांसों से तृप्त होते हैं। प्राचीन प्रयाग में याज्ञवल्क्य ने तपस्या पीपल तले की और मिथिला की विद्यापति ने नीम के नीचे ज्ञान बांटा। आज भी तुलसी के पौधे में लक्ष्मी बसती हैं, पीपल में विष्णु का वास होता है, और बरगद की छाया में मां का आंचल उतरता है। वृक्ष इस देश में देव भी हैं और द्वारपाल भी। इसलिए एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान नहीं आत्मबोध है। यह हरियाली नहीं भारत की सांस्कृतिक गवाही है।

## बालक आश्रम शाला एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में पौधारोपण



**पखांजुर।** बालक आश्रम शाला एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रावास पखांजूर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके तहत नीम, गुलमोहर, अमरूद, कचनार और करंज के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और पेड़ों के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त किया। मंडल संयोजक सौंपसिंह नेताम ने बताया पर्यावरण संरक्षण हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पेड़-पौधे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और वातावरण को स्वच्छ बनाते हैं। इसके अलावा, पेड़-पौधे मिट्टी के क्षरण को रोकने और जलवायु परिवर्तन को कम करने में भी मदद करते हैं। यह अभियान आने वाले समय में आसपास के अन्य छात्रावासों में भी चलाया जाएगा। छात्रावास अधीक्षक उमाशंकर कोड़ोपी ने बताया कि रोपे गए पौधों की देखभाल के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है, जो नियमित रूप से पौधों की निगरानी और संरक्षण करेगी।

## उपाध्यक्ष ने नपं परिसर में किया फलदायी पौधोरोपण



**पखांजूर।** नगर पंचायत के परिसर में फलदार वृक्षारोपण और पर्यावरण संतुलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश एक पेड़ माँ के नाम का पालन किया। नगर पंचायत पखांजुर उपाध्यक्ष शंकर सरकार ने अपने जन्मदिवस पर पंचायत परिसर में फलदार वृक्षारोपण किया। पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर चर्चा करते हुए शंकर सरकार ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और हरा-भरा रखने के लिए काम करना नितांत आवश्यक है। हमें पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। इससे हमें स्वच्छ हवा मिलेगी और हमारे आसपास का वातावरण स्वस्थ रहेगा। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण साहा, मंडल अध्यक्ष दीपांकर राय, पार्षद कमलेश पटेल, शंकर नाग, मनोज हालदार, किशोर हालदार, सुभास बैरागी, रंजू दास, प्रवीर साहा, निवास मिस्त्री, गोपाल सरकार, नीलिमा देवनाथ और नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत किशनपुरी में व्यापक पौधारोपण



**सरोना।** एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत 23 जुलाई को जनपद पंचायत नरहरपुर के ग्राम पंचायत किशनपुरी में बड़े उत्साह और सामूहिक भागीदारी के साथ फलदार और छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम ग्राम पंचायत के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों जैसे तालाब, तालाब की मेढ़, मंदिर, आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और स्व सहायता समूह की महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सरपंच शिव प्रसाद उइके के मार्गदर्शन में इस अभियान की शुरुआत की गई। सरपंच एवं पंचगण ने सामूहिक रूप से 10 पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। तालाब की मेढ़, मंदिर परिसर और आंगनबाड़ी केंद्र के आसपास भी पौधारोपण किया गया। स्कूली बच्चों ने अपने स्कूल परिसर में आंवला, जामुन और आम जैसे फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का परिचय दिया। पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला लिलवापहर के बच्चों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया। इस दौरान बच्चों को पौधों के महत्व और उनके संरक्षण के बारे में समझाया गया। प्रधान पाठक डी. आर. कोर्राम, शिक्षक तुलसी शोरी, रावटे सर, नायक सर ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। ग्राम की स्व सहायता समूह की महिलाएं चिंता बाई यादव, ओम पटेल, दामिनी मरकाम, भारती नेवला, कुंती साहू, अमृता नरेटी, शिवनतिन साहू प्रमुख रहीं। उन्होंने पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अजमोतिन कोर्राम, दुर्गावती कुलदीप, सुमित्रा पदद्दा ने भी सक्रिय भागीदारी की। वहीं वन अधिकार समिति के अध्यक्ष बद्री नारायण नेताम और ग्राम के गायता हेमंत नेताम ने ग्रामीणों को पेड़ लगाने और उनकी देखभाल के महत्व पर प्रेरक संबोधन दिया। इस अवसर पर सचिव संजय कलिहारी, उपसरपंच भुवन पदद्दा, रिखी जैन, प्रफुल पदद्दा, वरिष्ठजन शंकर लोन्हारे, सियाराम पटेल, मनीराम पटेल, गंगाराम नेताम, चिंता नेताम, सुंदर यादव, मानक मंडावी, जागृत साहू, घांसीराम जैन शामिल थे।

## खुटगांव में एक पेड़ मां नाम पौधारोपण किया



**दुर्गूकोंदल।** एक पेंड़ माँ के नाम 2.0 महाअभियान के तहत सरपंच मुकेश नरेटी, ग्राम पंचायत खुटगांव की आतिथ्य में कन्या आश्रम खुटगांव परिसर में पौधारोपण आम, कटहल, जामुन, सीताफल किया गया। इस अवसर पर सचिव नारायण सिंह नेताम एवं वार्डपंच गण राजु राम दुग्गा प्रियंका चतुर्वेदी, पार्वती नेताम, सगुना तुलावी, आश्रम अधीक्षका सावित्री ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकता होलीका गावडे, अनिता नरेटी रोजगार सहायक सचिव एवं ग्रामवासी, छात्र छात्राएं, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भानुप्रतापपुर के वार्ड 4 की महिलाओं ने किया पौधरोपण

**भानुप्रतापपुर।** एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत बुधवार को नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 04 में स्थित रंगमंच परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे वार्ड के माहतारी वंदन योजना के हितग्राही महिलाओं के द्वारा आम, जामुन, कटहल, आँवला, पपीता, अमरूद , मूनगा आदि फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर वार्ड पार्षद सुमित्रा साहू ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक व उपयोगी भी है। आज पौधा लगाने के साथ ही उनके संरक्षण का संकल्प लीजिए और वार्ड के लोगो को अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए जागरूक भी करिए। इस अवसर पर आँगनबाड़ी कार्यकर्ता सालिनी सोनी, हितग्राही लक्ष्मी ठाकुर, पद्मिनी तिवारी, मीना सोनी, ममता सोनी, चन्द्रिका सोनी, माधुरी सोनी, पद्मिनी सिंह, कंचन मालेकर, धर्मीन मालेकर, वृंदा मालेकर, सीता चंद्राकर, उर्मिला जसूजा उपस्थित रहे। साथ ही वार्ड के कमलेश सोनी द्वारा अपनी माता शांति सोनी के नाम पर भी एक पौधा लगाया।



## एक पेड़ माँ के नाम अभियान में हर व्यक्ति सहभागी बने



**दुर्गूकोंदल।** एक पेड़ माँ के नाम 2.0 महाअभियान के तहत पीएमश्री दुर्गूकोंदल एवं हाई स्कूल दमकसा में वृहद वृक्षारोपण किया गया। जनपद सदस्य विकास राजु नायक ने हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश भर में एक पेड़ माँ के नाम से प्रति व्यक्ति को पेड़ लगाकर पर्यावरण की संरक्षण करने का प्रयास किया जा रहा है। पीएमश्री दुर्गूकोंदल एवं हाई स्कूल दमकसा शिक्षक शिक्षीकायें एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रहे।

## डांगरा में किया गया पौधारोपण



**दुर्गूकोदल।** विकास खंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडारदिगी के आश्रित ग्राम डांगरा में पर्यावरण को संरक्षित करने और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए एक पेड़ माँ के नाम के दूसरे चरण के अभियान 2.0 के अभियान के तहत 23 जुलाई को समस्त ग्रामवासी के संयुक्त सहभागिता से पौध रोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। आवास प्राप्त हितग्राहियों के घर में भी पौधा रोपण किया गया इस अभियान का उद्देश्य न केवल जिले को हरा-भरा बनाना है, बल्कि सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित कर एक स्वस्थ और टिकाऊ भविष्य की नींव रखना भी है। जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी चंद बढ़ाई ,जनपद सदस्य सविता उयके, ग्राम पंचायत , सरपंच दुर्गुकोण्दल शकुंतला नरेटी, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन बी एल देवांगन,अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर डी ठाकुर , करारोपण अधिकारी आर के किशोरे , कार्यक्रम अधिकारी आशीष कुमार सोनकर मनरेगा, नंदनी दीवान बी पी एम एनआरएलएम, तकनीक सहायक आवास सचिव झुमुकलाल दीपक, रोजगार सहायक, समस्त ग्रामवासी एवं महतारी वंदन हितग्राही , एवं समूह महिलाओं की विशेष सहभागिता रही।

# पर्यटन से स्थानीय लोगों को मुहैया होंगे रोजगार के अवसर : विधायक आशाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिला मुख्यालय से 08 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम खमढोड़गी ग्राम पंचायत कोकपुर अब पर्यटन के नए आयाम से जुड़ गया है। जिला प्रशासन की विशेष पहल पर खमढोड़गी जलाशय में बैम्बू राफ्टिंग और नौकायन नौका विहार का विधायक आशाराम नेताम के द्वारा आगाज किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। खमढोड़गी जलाशय में बैम्बू राफ्टिंग तथा नौकायन का शुभारंभ किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को निश्चित तौर पर रोजगार के नये अवसर मुहैय्या होंगे। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि इस कार्य को अंजाम देने में जिला प्रशासन ने विशेष तौर पर प्रयास किया तथा पर्यटन के रूप में इस क्षेत्र को विकसित करने की दिशा में अनेक कार्य किए। उन्होंने बताया कि जलाशय के सौन्दर्यीकरण और पहाड़ पर ट्रेकिंग के लिए भी जिला प्रशासन द्वारा कार्ययोजना बनाई जा रही है। खमढोड़गी के ग्रामीण अनुशासित और स्वच्छताप्रिय हैं। विधायक ने यहां पर्यटन विकास के लिए 50 लाख रूपए देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि खमढोड़गी का जलाशय सैलानियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। पर्यटन के दृष्टिकोण से बैम्बू राफ्टिंग और नौकायन एक नई पहल है तथा भविष्य में ट्रेकिंग व स्टे करने सहित विभिन्न प्रकार की सुविधाओं में विस्तार करने जिला प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा। इस दौरान विधायक एवं कलेक्टर ने खमढोड़गी जलाशय में पूजा-अर्चना कर एवं फीता काटकर बैम्बू राफ्टिंग और नौकायन का शुभारंभ किया और साथ ही अतिथियों ने मोटरबोट पर सवार होकर नौका विहार का आनंद भी लिया। इस दौरान विधायक ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद कांकेर के अध्यक्ष अरूण कौशिक, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, जिला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर, पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी, महेश जैन, ग्राम पंचायत कोकपुर के सरपंच व उप सरपंच सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





खमढोड़गी में बैम्बू राफ्टिंग और नौकायन का आगाज

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ब्रेमची, मुंह में छला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

